हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 25 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 44 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

13 भामाशाह का जीवन राष्ट्रभक्ति का प्रकाश स्तंभ : अजय
14 असहाय, बेसहारा और जरूरतमंद बुजुर्गों को मिलेगा सुरक्षित आश्रय







## खबर संक्षेप

### निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर आज

**मगरलोड।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करेली बड़ी में 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे से निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर गैर संचारी रोग प्रकोष्ठ जिला अस्पताल धमतरी, जिला स्वास्थ्य समिति और जगतती फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। शिविर में मुंह का कैंसर, स्तन कैंसर, बच्चादानी का कैंसर और फेफड़े का कैंसर की निःशुल्क जांच और परामर्श दी जाएगा। जांच के दौरान आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा, जिनमें प्रमुख रूप से मोनोग्राफी, पैप स्मीयर, ब्रश साइटोलॉजी शामिल है।

### ऑनलाइन आवेदन 8 मई तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना परियोजना मगरलोड के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र चारभाठा (कोरगांव) में आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती के लिए ऑनलादन आवेदन 8 मई तक आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड ने बताया कि उसी ग्राम की निवासरत इच्छुक पात्र महिलाएं निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकती हैं।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में प्रवेश शुरू

**मगरलोड।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भैंसमुण्डी (मगरलोड) में शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रवेश के लिए विशेष रूप से उन बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी जो शाला त्यागी हैं, अनाथ हैं, एकल अभिभावक के संरक्षण में रह रही हैं, दूरस्थ अंचलों से आती हैं, आर्थिक रूप से कमजोर हैं, अल्पसंख्यक वर्ग से संबंधित हैं या पलायन के कारण शिक्षा से वंचित रही हैं। पात्र बालिकाओं को उनकी आयु के अनुसार उपयुक्त कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक अभिभावक एवं बालिकाएं 25 अप्रैल से 10 मई तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच संबंधित विद्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।





छात्रों ने एआई तकनीक, यूट्यूब की गहराई समझी, आज भी होंगे कई कार्यक्रम

## इतिहास की प्रदर्शनी के साथ युवा फेस्ट में नजर आया युवाओं का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

यूथ फेस्ट में युवाओं का भविष्य नजर आया। किसी ने हर्बल शैम्पू बनाया था, तो किसी ने वेस्ट मटेरियल से बेस्ट चीजें। युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने के लिए जिला प्रशासन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, यूट्यूब जैसे विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया था। ट्रेकिंग, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम का सिलसिला दिनभर चलता रहा।

जिले में पहली बार इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता केवल खेलकूद तक सीमित नहीं है। इसमें स्टार्टअप, फोटोग्राफी, पुरातत्व एवं इतिहास, फूड फेस्ट, एआई प्रतियोगिता, मोबाइल गेमिंग, ट्रेजर हंट, कृषि तकनीक प्रदर्शनी सहित कई अनोखी स्पर्धा भी शामिल है। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव पीजी कॉलेज परिसर में शुक्रवार से इस दो दिवसीय युवा फेस्ट-2026 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन छात्र-छात्राओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। धूप और गर्मी के बाद भी दिनभर कार्यक्रम में भीड़ रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम दिनभर चलता रहा। जिला प्रशासन द्वारा नगरी, भखारा, मगरलोड सहित अन्य दूरस्थ महाविद्यालय के छात्रों के आने-जाने के लिए बस की व्यवस्था भी की गई थी। छात्रों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। पूरा कार्यक्रम कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में चल रहा है।

### बिखरा स्वाद का जलवा

युवा फेस्ट में पीजी कॉलेज, शासकीय महाविद्यालय कंडेल, सिलौटी कॉलेज तथा अन्य संस्थानों के विद्यार्थियों ने विविध व्यंजनों का स्टॉल लगाया था। जहां पर खट्टे-मीठे, फास्ट फूड, आमपना और पारंपरिक व्यंजनों की भरमार रही। गर्ल्स कॉलेज धमतरी के स्टॉल में भेल, नींबू पानी और स्वीट कॉर्न आकर्षण का केंद्र था। पीजी कॉलेज के स्टॉल में आइसक्रीम, कस्टर्ड, फ्रूट चाट, जलजीरा, सैंडविच और चाउमीन का जायका लोगों को खूब पसंद आया। कंडेल कॉलेज के स्टॉल में भेल, भजिया और नमकीन, सिलौटी कॉलेज के स्टॉल में छत्तीसगढ़ी व्यंजन अइरसा, गुड़ आम, अचार और माड़िया पेज ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

### 20 कॉलेज के 5000 छात्रों की भागीदारी

युवा फेस्ट में जिले के 20 कॉलेज के 5 हजार छात्र, प्रोफेसर ने पंजीयन कराया है। कॉलेज के प्राचार्य विनोद पाठक ने बताया कि धमतरी, कुरूद, भखारा, आमदी, नगरी, मगरलोड कॉलेज के साथ पालीटेक्निक धमतरी, पालीटेक्निक कुरूद, आईटीआई, एग्रीकल्चर, हार्टिकल्चर कॉलेज के छात्रों ने भागीदारी की है। कलेक्टर के निर्देश पर ऐसा आयोजन जिले में पहली बार हो रहा है।

### बढ़ाया छात्रों का हौसला



कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत गजेंद्र सिंह ठाकुर, डीएफओ कृष्ण जाधव सहित अन्य जिला अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने विभिन्न स्टॉल का भ्रमण कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आमपना सहित विभिन्न व्यंजनों का स्वाद भी लिया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने डिजिटल भुगतान भी किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि युवा फेस्ट जैसे आयोजन विद्यार्थियों को प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ नवाचार और उद्यमिता की ओर प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि फूड स्टॉल के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत किए हैं, बल्कि टीमवर्क, प्रबंधन क्षमता और रचनात्मक सोच का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।





### आंवला, रीठा, करीपत्ता से हर्बल शैम्पू

नगरी के कॉलेज में हर साल स्टार्टअप का एक प्रोग्राम होता है, जिसमें छात्र-छात्राओं का ग्रुप कुछ नया करता है। इस साल बॉटनी के छात्र-छात्राओं ने हर्बल शैम्पू बनाया है, जिसका स्टाल लगाया गया था। इस शैम्पू को आंवला, रीठा, करीपत्ता से बनाया गया है, केमिकल यूज नहीं किया गया। इस स्टाल में पलाश, गेंदा, अपराजिता जैसे फूलों से तैयार हर्बल गुलाल सहित कई आयुर्वेदिक औषधि भी रखी गई थी। गर्ल्स कालेज धमतरी में पिछले कई साल से छात्राएं स्टार्टअप में वेस्ट मटेरियल से बेस्ट मटेरियल तैयार कर रही हैं। युवा फेस्ट में यहां की छात्राओं ने हाथों से तैयार डोरमेट, गुलदस्ते, पेन स्टैंड, गमला, मूर्तियां, सेनरी जैसी जरूरत की चीजों की प्रदर्शनी लगाई थी। अन्य कॉलेज से भी छात्राओं ने मनमोहक प्रदर्शनी लगाई थी।

## महिला आरक्षण बिल गिराने के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित





- नगर निगम की सामान्य सभा में बहुमत के आधार पर हुआ निर्णय
- काले कपड़े में नजर आये सत्ता पक्ष के पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

लोकसभा में महिला आरक्षण बिल गिराने को लेकर निगम की सामान्य सभा में विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव बहुमत के साथ पारित किया गया। बैठक शुरू होने से पहले ही पक्ष-विपक्ष के बीच पोस्टर वार चला। शुक्रवार को आहूत सामान्य सभा की बैठक आधे घंटे के नाटकीय घटनाक्रम के साथ समाप्त हो गई।

शुक्रवार को दोपहर 12 बजे नगर निगम स्थित महापौर के कार्यालय से महापौर रामू रोहरा के साथ भाजपा पार्षदों की टीम हाथ में तख्ती लेकर नारेबाजी करते हुए सभाकक्ष के लिए निकली। भाजपा के अधिकांश पुरूष पार्षद काली शर्ट और काले गमछे पहने हुए थे। पक्ष की कई महिला पार्षद भी काले लिबास में नजर आई। इधर सभाकक्ष के प्रवेश द्वार पर विपक्ष के पार्षदों की टीम हाथ में पोस्टर लेकर महिला सभापति का अपमान नहीं सहेंगे की आवाज बुलंद करते रहे। सभा का प्रारंभ राष्ट्रीय गान और राज्यीय गीत से हुआ। सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने महापौर को उद्बोधन के लिए कहा। महापौर रामू रोहरा ने महिला आरक्षण, शैक्षणिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने, जनजागरूकता संबंधी विचार रखते हुए नारी शक्ति वंदन योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा में कांग्रेस ने महिला आरक्षण बिल पर सहमति नहीं दी। छलपूर्वक बिल को गिराया गया। यह महिला वर्ग को अपमानित करने जैसा है। उन्होंने लोकसभा में कांग्रेस द्वारा किये गये कृत्य को लेकर निंदा प्रस्ताव लाया जिसका सभी भाजपाई पार्षदों ने हाथ खड़ा कर समर्थन किया। इस दौरान पक्ष-विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला और जमकर हो हल्ला हुआ।

सभापति ने भाजपा नेत्री नम्रता पवार को चर्चा के लिए बुलाया। नम्रता पवार के बाद कांग्रेस पार्षद सुमन मेश्राम को चर्चा का मौका दिया गया। पार्षद सुमन मेश्राम महिला आरक्षण पर अपना पक्ष रख रही थी तभी सामान्य सभा बैठक के समापन की घोषणा कर दी गई। श्रीमती मेश्राम अपना पूरा पक्ष भी नहीं रख पाई। इसके बाद भाजपाई पार्षद नारेबाजी करते हुए महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास पहुंचे और महिला आरक्षण बिल के पक्ष में आवाज बुलंद की। बताया गया कि निगम में लाये गये निंदा प्रस्ताव को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित किया जायेगा।

सामान्य सभा की बैठक में महापौर रामू रोहरा, आयुक्त प्रिया गोयल, एमआईसी सदस्य नरेन्द्र रोहरा, विजय मोटवानी, निलेश लूनिया, पिंटू यादव, अखिलेश सोनकर, श्यामलाल नेताम, कुलेश सोनी, मेघराज ठाकुर, संतोष सोनकर, तल्लीनपुरी गोस्वामी, हिमानी साहू, ▶▶ शेष पेज 12 पर

### महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन का खेल

कांग्रेस पार्षद दल के नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता विशु देवांगन, योगेश लाल, सुमन मेश्राम, उमा भागी ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि आकाश गोलछा सामान्य सभा की बैठक में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम 2023 दोनों सदन में पारित हो चुका है। अब महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन कराने की बदनीयती का प्रयास प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। महिलाओं के नाम पर संविधान तोड़ने की असंवैधानिक तरीके को विपक्ष ने रोक दिया। उन्होंने कहा कि 12 साल में पहली बार मोदी सरकार का बिल गिरा है। बिल नहीं, भाजपा सरकार का विश्वास गिरा है।




मामला पालगांव के जंगल से अतिक्रमण हटाने का

## पालगांव के ग्रामीणों से अतिक्रमणकारियों ने की मारपीट



- कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कानूनी कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

वन प्रबंधन समिति एवं पालगांव के ग्रामीणों ने बोदलवंडी अतिक्रमण हटाने के मामले में बाहरी व्यक्तियों द्वारा लोगों को भड़काने की शिकायत कलेक्टर से की है।

वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष फकीरराम एवं ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर कहा है कि वन प्रबंधन समिति पालगांव एवं पालगांव के ग्रामीणों ने वन विभाग को बोदलवंडी से अतिक्रमण हटाने आवेदन दिया था। 15 अप्रैल को अतिक्रमण हटाने के लिए समिति, ग्रामवासी, वन विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। नोटिस और समझाइश देने के बाद भी अतिक्रमण नहीं छोड़ने पर कार्रवाई की गई। समिति ने पूर्व सरपंच सहित कुछ लोगों की नामजद शिकायत कर कहा है कि इनके द्वारा अतिक्रमण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। आदिवासियों के नाम पर अतिक्रमण करना और अतिक्रमणकारियों से पैसा वसूल कर अतिक्रमण को बढ़ावा दिया जा रहा है। समिति तथा ग्रामीणों ने ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बताया गया है कि पालगांव के लोग 18 अप्रैल को वैवाहिक कार्यक्रम में गोंदलानाला गए थे जहां गोदलानाला के ग्रामीण अतिक्रमण मामले को लेकर पालगांव के ग्रामीणों से अभद्र व्यवहार करते हुए उनसे मारपीट की। इसकी शिकायत दुगली थाने में दर्ज कराई गई है। समिति ने विवाद करने वाले अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।



## खबर संक्षेप

### पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की महत्वपूर्ण इकाई

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर त्रि-स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों सहित प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं हमारे लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं। महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज' के सपने को साकार करने में इन संस्थाओं की भूमिका अतुलनीय है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पंचायतों को सीधे फंड आवंटित कर उन्हें सशक्त बनाया है। ताकि विकास की धारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। इसी तरह प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में पंचायतें 'विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प को पूरा करने में प्रभावी भूमिका निभाएंगीं।

### महापौर चुनावी प्रचार में बाहर शहर में समस्याओं का अंबार

**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि महापौर संजय पांडे लापता हैं। वे पार्टी के चुनावी प्रचार में गए हुए हैं। शहर की समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। जनता की मूलभूत सुविधाएं व साफ-सफाई, नाली निर्माण, पानी की किल्लत और बदहाल सड़कों के काम अटके पड़े हैं। भीषण गर्मी का प्रकोप है। उन्होंने कहा शहर की जनता मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशान है ।

### 28 अप्रैल से राज्य स्तरीय चयन ट्रायल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के होनहार खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी प्रतिभा को तराशने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर स्थित आवासीय खेल अकादमी में नए प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। इस बड़े आयोजन के माध्यम से प्रदेश भर के प्रतिभावान बालक एवं बालिकाओं को तीरंदाजी, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, हॉकी और एथलेटिक्स जैसे खेलों में अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा। विभाग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार तीरंदाजी, फुटबॉल और वेटलिफ्टिंग के ट्रायल 28 और 29 अप्रैल को आयोजित किए जाएंगे, जबकि हॉकी और एथलेटिक्स के लिए 30 अप्रैल और 1 मई की तिथियां निर्धारित की गई हैं। यह सभी परीक्षण रायपुर के कोटा खेल परिसर एवं संबंधित स्टेडियमों में आयोजित होंगे। चयन प्रक्रिया को बेहद पारदर्शी और व्यवस्थित रखा गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### महिला आरक्षण बिल गिराने के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

अनिता अग्रवाल, नम्रतामाला पवार, संजय देवांगन, कोमल सार्वा, आशा लोधी, चंद्रभागा साहू, शैलेष रजक, अज्जू देशलहरे, ईश्वर सोनकर, गजेन्द्र कंवर, पूर्णिमा देवांगन, उपायुक्त पीसी सार्वा सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। दर्शक दीर्घा में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, महामंत्री महेन्द्र पंडित, राकेश साहू, पवन गजपाल, देवेन्द्र अजमानी उपस्थित थे।

# युवा फेस्ट : जिले के सोशल मीडिया क्रिएटरों को मिला मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में आयोजित युवा फेस्ट के दौरान देश के प्रसिद्ध यूट्यूबर मनोज डे का आगमन स्थानीय डिजिटल क्रिएटरों के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ। गुरुवार शाम लोहरसी रेस्ट हाउस में जिले के यूट्यूबर, ब्लॉगर एवं सोशल मीडिया क्रिएटरों ने उनसे मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान मनोज डे ने युवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के समय में सोशल मीडिया न केवल अभिव्यक्ति का माध्यम है, बल्कि आय अर्जन का एक सशक्त साधन भी बन चुका है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कंटेंट निर्माण, वीडियो में निरंतरता, दर्शकों की रुचि को समझने तथा प्लेटफॉर्म के एल्गोरिद्म के अनुरूप कार्य करने के महत्व पर विशेष जोर दिया।

### प्रसिद्ध यूट्यूबर मनोज डे ने साझा किए सफलता के सूत्र



#### आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

जिले के युवा क्रिएटरों ने इस अवसर को अत्यंत उपयोगी बताया और कहा कि उन्हें व्यावहारिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है, जिससे वे अपने कार्य को नई दिशा दे सकेंगे। इस प्रेरणा से वे डिजिटल क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन करेंगे। यह संवाद कार्यक्रम युवाओं के कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

#### धैर्य और सही रणनीति के साथ कार्य करें तो सफलता निश्चित

उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि समर्पण, धैर्य और सही रणनीति के साथ कार्य किया जाए, तो डिजिटल क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने क्रिएटरों को मौलिकता बनाए रखने, सकारात्मक कंटेंट प्रस्तुत करने और नियमित रूप से स्वयं को अपडेट करते रहने की सलाह दी।

देवपुर में सार्वजनिक कला मंच और अटल व्यवसायिक परिसर बनेगा

# देवपुर में विकास को मिली रफ्तार, बारिश से पहले पूरी होगी कोलियारी-खरेंगा सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने ग्राम पंचायत देवपुर में पंच-सरपंच, महिला समूह, एवं ग्रामीणों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने महिला समूह दीदियों से आजीविका संबंधी बातचीत की। दूध उत्पादन, कलेक्शन के बारे में पूछा। इन्होंने हथकरघा के साथ ही अन्य जीविकोपार्जन की बात की।

कलेक्टर ने 100 लीटर दूध कलेक्शन होने पर देवभोग दूध क्लेक्शन सेंटर और महिलाएं हाथकरघा करती हैं तो हथकरघा सेंटर की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने देवपुर में पर्यटन की संभावना को देखते हुए दो कमरे का रेस्ट हाउस बनाने की घोषणा की। जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन ने सार्वजनिक कला मंच और अटल व्यवसायिक परिसर बनाने की घोषणा की। कलेक्टर ने पिछले वर्ष सुसाधन दिवस पर यहां आने की बात का साझा करते हुए कहा कि उन्हें धमतरी से देवपुर आने में करीब एक घंटे का समय लगा। सड़क, गड्ढे से हालत खराब थी लेकिन अब कोलियारी-खरेंगा सड़क बारिश से पहले पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कोलियारी में स्किल सेंटर बना है। जहां युवाओं को विभिन्न प्रकार के स्किल का प्रशिक्षण दिया जाता है। सेंटर में ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर, नर्सिंग आदि प्रशिक्षण की व्यवस्था है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि रबी फसल के दौरान धान के बदले कम पानी की फसल लगाएं। देवपुर मेला परिसर को कार्य योजना बनाकर व्यवस्थित करें। कलेक्टर ने सामुदायिक बाड़ी एवं पौधरोपण कार्य ग्राम पंचायत सारंगपुरी का भी निरीक्षण किया।



# कंडेल में ग्रामीणों को पानी की समस्या से मिली राहत



- जिला पंचायत सदस्य ने 15वें वित्त से पानी टैंकर प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कंडेल के ग्रामवासियों ने पानी की समस्या से जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू को अवगत कराया था जिसे गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सदस्य द्वारा 15 वें वित्त की राशि से पानी टैंकर प्रदान किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के अतिथि श्रीमती रंजना साहू भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष की अनुपस्थिति में प्रतिनिधि के रूप में डीपेंद्र साहू शामिल हुए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू, जनपद सदस्य दिलीप सेन, सरपंच गिरधर सार्वा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भूमेश साहू, भाजयुमो भोथली अध्यक्ष गिरीश साहू सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# ब्लॉक स्तरीय बैठक में कई एजेंडों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के ब्लॉक शाखा नगरी की ब्लॉक स्तरीय बैठक हुई। बैठक में समस्त एजेंडों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

वरिष्ठ उपप्रांताध्यक्ष एसआर टण्डन ने संगठन को मजबूत बनाने तथा संगठन के इतिहास के बारे में जानकारी दी। मनोज वाधवानी ने संगठन को सशक्त बनाने पर जोर देते हुए बताया कि छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान से ही संगठन को मजबूती मिलती है।



प्रांतीय संगठन मुकेश कुमार साहू ने संगठन के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। नवनियुक्त 20 कर्मचारियों को संघ की सदस्यता दिलाई गई।

जिला अध्यक्ष संजय नारंग ने प्रांतीय निर्देशों के साथ-साथ कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं उनके समाधान के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला स्तर की समस्याओं के समाधान हेतु कलेक्टर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से पत्राचार किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष एनोफ जोसेफ एवं धर्मेंद्र सिन्हा ने सभी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु ठोस रणनीति तैयार की।

# नपं भखारा-भठेली में नए सीएमओ का हुआ स्वागत

- श्री पावरिया के नेतृत्व में नगर विकास को मिलेगी नई दिशा : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

नगर पंचायत भखारा भठेली में नवपदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) हरिकिशन पावरिया का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जैसे ही उन्होंने अपना कार्यभार संभाला, नगर पंचायत परिसर में जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारतमाता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ की गई।



इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने सीएमओ हरिकिशन पावरिया का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में नगर के विकास को नई गति मिलेगी और भखारा-भठेली में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ नए आयाम स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि मिलकर नगर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से नगर के विकास कार्यों को और अधिक मजबूती मिलेगी।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर बिट्टू, परदेसी कंवर, भूपेंद्र यादव, भानुप्रताप गायकवाड़, छबिलाल निर्मलकर, चांदनी साहू, झम्मन साहू, मेघनाथ साहू, अंजू साहू, हितेंद्र साहू, भूपेश्वरी चंदेल, गौतमी पटेल, संजय साहू, मीना निषाद सहित नगर पंचायत के समस्त पार्षदगण, अकाउंटेंट एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# चौपाटी निर्माण कार्य का नपं अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

- निर्माण के लिए छग शासन से 17 लाख की राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 6, गायत्री मंदिर के सामने निर्माणाधीन चौपाटी का निरीक्षण नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, लोक निर्माण विभाग के सभापति अश्वनी निषाद पार्षद अंबिका ध्रुव द्वारा किया गया। इस चौपाटी निर्माण के लिए छग शासन द्वारा 17 लाख की राशि स्वीकृत की गई है जिसमें 10 दुकान (गुमटी), हाईमास्ट लाइट, नाली निर्माण सहित अनेक निर्माण कार्य होने है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कराया गया है।

नगर में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस चौपाटी का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा उपमुख्यमंत्री अरुण साव से राशि की मांग की गई थी, जिस पर शासन ने तत्परता दिखाते हुए स्वीकृति प्रदान की।



निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने ठेकेदार को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चौपाटी बनने के बाद नगरवासियों को विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे।

यह चौपाटी विशेष रूप से उन छोटे व्यापारियों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी, जो वर्तमान में सड़क किनारे दुर्घटना के खतरे और ट्रैफिक जाम की स्थिति के बीच अपना व्यवसाय संचालित करते हैं। शहरों की तर्ज पर विकसित की जा रही यह चौपाटी उन्हें सुरक्षित एवं व्यवस्थित स्थान प्रदान करेगी। घनी आबादी वाले जंगलपारा क्षेत्र के समीप निर्माण होने के कारण यहां व्यापार की संभावनाएं भी अधिक हैं। साथ ही नगर के मध्य में स्थित होने से यह स्थान आम नागरिकों के लिए भी सुविधाजनक रहेगा।

# सेवानिवृत्त व्याख्याता राधेश्याम को दी विदाई

- शासकीय हाई स्कूल सिलीडीह में सम्मान समारोह, शिक्षकों ने दीवान सर के योगदान को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

शासकीय हाई स्कूल सिलीडीह के व्याख्याता राधेश्याम दीवान की सेवानिवृत्ति पर उन्हें संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा विदाई दी गई। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राधेश्याम दीवान रहे तथा विशिष्ट अतिथि विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कुरुद कुलेश्वर सिन्हा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की प्राचार्य श्रीमती ज्योत्सना राजपूत ने की। विशेष अतिथि जितेंद्र कुमार यादव अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति हाई स्कूल सिलीडीह तथा अमर सिंह यादव अध्यक्ष शाला विकास समिति माध्यमिक शाला सिलीडीह, भीखम कंवर अध्यक्ष शाला विकास समिति प्रा.शा. सिलीडीह, रुचि पेखन देवांगन सरपंच, रामविशाल साहू उपसरपंच शोभाराम यादव, पेखन देवांगन सरपंच प्रतिनिधि, थानसिंह यादव, पवन देशलहरा थे। इस समारोह में दीवान सर की पत्नी उनके पुत्र तथा पुत्रवधू भी उपस्थित थी।



अनिल कुमार ध्रुव ने अभिनंदन पत्र पढ़कर सुनाया तथा अपने विद्यार्थी जीवन के संबंध में तथा सेवाकाल के आरंभ के दौरान की खट्टी मीठी बातों को शिक्षक शिक्षिकाओं के समक्ष रखा। अतिथियों ने बताया कि राधेश्याम दीवान समय के पाबंद, हिंदी के प्रकांड विद्वान, अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित एवं शिक्षक शिक्षिकाओं से स्नेह रखने वाले, मृदुभाषी, विराट व्यक्तित्व के धनी हैं। उनकी अध्यापन शैली विशिष्ट है। वे कविता को लयबध्द वाचन करके पढ़ाते हैं। मौके पर प्राचार्य ललित कुमार साहू, व्याख्यातागण मितेश पाल, लीलाराम साहू, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल अंवरी के प्रभारी प्राचार्य प्रेमनारायण साहू, समन्वयक पंच कुमार ध्रुव सेमरा बी तथा समन्वयक रविंद्र दीवान कचना मौजूद थे।

कार्यक्रम के बाद संकुल के शिक्षकों ने श्री दीवान को छोड़ने उनके घर तक गए। कार्यक्रम का संचालन संस्था के व्याख्याता भुनेश्वर सिंह ध्रुव

मनरेगा योजना से जल संरक्षण और सिंचाई में सुधार, मछली पालन से अतिरिक्त आय

# डबरी निर्माण से बदली पंचराम के जीवन की दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मारागांव में ग्रामीण विकास एवं आजीविका संवर्धन की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। मनरेगा योजना अंतर्गत हितग्राही मूलक कार्य के रुप में पंचराम पिता गुराऊ के खेत में डबरी निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया। यह कार्य जल संरक्षण का सशक्त उदाहरण बना और किसान पंचराम के परिवार की आर्थिक स्थिति, कृषि उत्पादन और आजीविका के अवसरों में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में खेती मुख्य रुप से वर्षा पर निर्भर रहती है। वर्षा समय पर न होने या कम होने की स्थिति में किसानों को सिंचाई संकट का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत मारागांव में भी अधिकांश किसान इसी समस्या से जूझते रहे हैं। पंचराम भी ऐसे ही किसानों में शामिल थे जिनकी कृषि भूमि होने के बावजूद पर्याप्त जलस्त्रोत उपलब्ध नहीं था।



### समय पर सिंचाई हुई और बीमारी में भी कमी आई

खेत में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने से पंचराम ने अपनी खेती को नए तरीके से विकसित करना प्रारंभ किया। अब वे केवल वर्षा आधारित खेती तक सीमित नहीं रहे बल्कि समय पर सिंचाई कर बेहतर उत्पादन लेने लगे। पर्याप्त पानी मिलने से पौधों की बढ़वार अच्छी हुई, समय पर सिंचाई संभव हुई और फसल रोगों में भी कमी आई। पंचराम ने डबरी का उपयोग केवल सिंचाई तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने इसे अतिरिक्त आय के स्रोत के रुप में भी विकसित किया। डबरी में लगभग 10 किलोग्राम मछली बीज डाला गया और मछली पालन का कार्य प्रारंभ किया गया।

ग्राम पंचायत मारागांव द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत पंचराम के खेत में डबरी निर्माण हेतु प्रस्ताव पारित किया गया तथा इस कार्य हेतु कुल लागत राशि 2.29 लाख रुपये स्वीकृत की गई। निर्माण कार्य पूर्ण होने तक कुल 1.79 लाख रुपये व्यय किए गए। कार्य के दौरान स्थानीय मजदूरों को रोजगार भी प्राप्त हुआ जिससे योजना का दोहरा लाभ ग्रामवासियों को मिला। डबरी निर्माण के बाद खेत में वर्षा जल का संचयन संभव हुआ। पहले जो पानी बहकर नष्ट हो जाता था अब वही पानी संरक्षित होकर कृषि कार्यों में उपयोग होने लगा।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल भठेली तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.)**

-: सूचना पत्र :-

क्रमांक/Q/रा.नि./2026,
भखारा, दिनाँक 22.04.2026

प्रति,
1. तोरण कुमार पिता मानकराम, 2. संतोष कुमार पिता बिहारी लाल, 3. जागेश्वर पिता शत्रुहन, 4. भूनेश्वर पिता कमलनारायण साहू

**विषय-** सीमांकन स्थल जांच करने बाबत्।
**संदर्भ-** न्यायलयीन मामला क्रमांक 202602132000003 विषय- अ-12 भखारा दिनांक 04/02/2026

आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आवेदक तोरण कुमार पिता मानकराम जाति तेली निवासी ग्राम भठेली कारतकार ग्राम भठेली प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. भठेली तहसील भखारा जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 558/1 रकबा 0.04 हे. का सीमांकन निरीक्षण हेतु न्यायालय में आवेदन पेश किया है। उक्त संदर्भ के परिपालन में सीमांकन निरीक्षण हेतु दिनांक 27/04/2026 को समय 11.00 से 2.00 बजे नियत किया गया है। अतः आप लोग वाद भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज सहित नियत दिनांक व समय पर मौके में उपस्थित रहेंगे।

**राजस्व निरीक्षक**
**भठेली**

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह कि आवेदक लैनूराम पिता बलीराम उम्र 66 वर्ष जाति सतनामी निवासी ग्राम खपरी तहसील भखारा जिला धमतरी का निवासी है। आवेदक की दादी पुनौतिन जिसका मृत्यु दिनांक 10/05/2010 को हुई है तथा आवेदक अज्ञानतावश मृत्यु की सूचना कोतवाली पंजी में दर्ज नहीं करवाया पाया था जिस संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु न्यायालय श्रीमान तहसीलदार भखारा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या समूह या ग्रामवासी को आपत्ति हो तो दिनांक 06/05/2026 तक न्यायालय श्रीमान तहसीलदार भखारा के समक्ष अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। तथा म्याद की समाप्ति पश्चात दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/04/2026 को न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार**
**भखारा**

Satya
TRUCKING PVT. LTD.
आवश्यकता है
बिजनेस एक्जीक्यूटीव
योग्यता - ग्रेजुएशन,
स्थान- रायपुर (1 पद), नारायणपुर (1 पद), डोंगरगढ़ (1 पद), दल्ली राजहरा (1पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
रिटेल फायनेंस मैनेजर
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
कस्टमर केयर मैनेजर
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
इलेक्ट्रीशियन+मैकेनिक
योग्यता - आईटीआई/डिप्लोमा
स्थान: रायपुर - 15 पद, राजनांदगांव-4 पद
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं।
अपना अपडेटेड रेज्यूम भेजें
noman.sinha@teamsatya.in
या कॉल करें
7748900111, 9098750248
जी.ई. रोड, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### परीक्षा में निर्देशों का पालन करना अनिवार्य

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ व्यापंम द्वारा दिशा-निर्देश जारी किया गया है। हालांकि यह परीक्षा प्रदेश के चुनिंदा 16 जिलों में आयोजित की जा रही है, लेकिन इसमें सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा की समय-सारणी के अनुसार यह लिखित परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक संचालित होगी। सुरक्षा और सत्यापन की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 2 घंटे पहले केंद्र पर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। ताकि उनकी सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) और फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से मिलान किया जा सके। समय की पाबंदी को लेकर निर्देश अत्यंत सख्त हैं। परीक्षा केंद्रों का मुख्य द्वार ठीक सुबह 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा और इसके बाद पहुंचने वाले किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### रचनात्मक एवं मनोरंजक स्पर्धा में बच्चे हुए शामिल



**भानपुरी।** कारितास इंडिया अंतर्गत संचालित खुशहाल बचपन परियोजना के तहत कावड़गांव क्लस्टर के चेराकुर, गोंदियापाल, बासपानी, जाटनपाल, गुरिया, कावड़गांव, गुमगा एवं कुगारपाल गांवों में तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना तथा अवकाश के समय का सदुपयोग सुनिश्चित करना था। समर कैंप के दौरान बच्चों के लिए मेहंदी प्रतियोगिता, चित्रकला, खेलकूद, कहानी वाचन, म्यूजिक गतिविधि एवं दौड़ प्रतियोगिता जैसी विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की माया यादव, ग्राम के सरपंच, शिक्षकगण, पालकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन दीदी साथ ही परियोजना के जिला कार्यक्रम से अवधेश कुमार, सीई एवं एकेडमिक मेंटर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर के परीक्षा परिणाम घोषित



**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में व्यवसाईं स्वरूप सुराना, पटवारी कृष्णा राम बघेल, विद्यालय समिति के व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता उपस्थित रहे। मां भारती, सरस्वती, ओम के समक्ष दीप प्रज्वलन व पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके पश्चात कक्षा अरुण से नवम तक के परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। जिसमे अरुण कक्षा मे प्रथम कुमारी आइसा, उदय कक्षा में प्रथम वेणु नाग, प्रथम कक्षा में कुमारी आकृति सिंह, द्वितीय कक्षा में विद्या चंद्रवंशी, तृतीय कक्षा में अभिमन्यु गुप्ता, चतुर्थ कक्षा में आकाश सोढ़ी, षष्टम कक्षा में कुमारी प्रियंका पटेल, सप्तम कक्षा में कुमारी खुशी चंद्राकर, नवम कक्षा में चांदनी नाग प्रथम स्थान पर रहे।
कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किये भैया बहनों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे द्वारा सभी भैया बहनों को बधाई दी गई व आगामी सत्र की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि विद्यालय में कुशल प्रशिक्षित आचार्य व दीदियों द्वारा अध्यापन कार्य किया जा रहा है विद्यालय में अंग्रेजी शिक्षा पर विशेष फोकस किया जा रहा है। विद्यालय के व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता ने समिति की आगामी योजना से अवगत करवाया। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने बताया कि विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ हो गया।

# करेली बड़ी में बालकवियों की काव्यगोष्ठी में गूंजी सृजन की मधुर ध्वनि

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी की साहित्यिक संस्था आओ कविता लिखें समूह द्वारा मासिक काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य कोमल सिंह साहू थे। अध्यक्षता उप प्राचार्य सुशील कुमार साहू ने की। विशिष्ट अतिथि एआर साहू, हर्षल चंद्राकर एवं आओ कविता लिखें समूह के संस्थापक जितेन्द्र सुकुमार थे।

इस बीच बालकवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी स्वरचित कविताओं की सुंदर प्रस्तुति दी। वंदना सेन ओस ने जब हो जाऊं परेशान मैं परेशानियों से हो जाओ उदास मैं, जब हो जाऊं उलझनों में गुम, मेरी कापी और कलम मेरी सुख दुख की साथी है तुम कविता पढ़ कर खूब वाहवाही बटोरी। प्रीति साहू ने अपने हक के लिए थोड़ा लड़ना जरूर, माना अभी मंजिल है थोड़ी दूर, थकना मत अभी तो दौड़ना है थोड़ी दूर, कभी भी खुद पर ना करना गुरूर पढ़कर चार चांद लगा दिये। डाली जमारे ने रोने से सब मिल जाता तो कुछ करना नहीं पड़ता अपने लक्ष्य के लिए दर-दर भटकना नहीं पड़ता सुनाकर खूब तालियां बटोरी। लीलम बघेल आतिश ने ये आज की ही बात है की कुछ ऐसी बरसात है, मैं फिर बिखर संभालती हूं मैं आईने से डरती हूं पढ़कर समा बांध दी। नीलम साहू ने गौमाता के सम्मान में कविता पढ़ी। सरोज भारती ने होली पर्व की कविता पढ़ कर बीतें दिनों की याद दिलादी। गुंजा साहू ने हम परिंदों को आसमान चाहिए, नील गगन में उड़ान चाहिए पढ़कर युवाओं में जान भर दी।

**आओ कविता लिखें समूह की हुई मासिक काव्य गोष्ठी**



मुख्य अतिथि प्राचार्य कोमल सिंह साहू ने अपने संबोधन में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर लेखन के लिए प्रेरित किया। उप प्राचार्य ने साहित्यिक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। एआर साहू एवं हर्षल चंद्राकर ने कविता के माध्यम से अपनी बात रखी। जितेंद्र सुकुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि निरंतर गोष्ठी में सम्मिलित होने से आत्मविश्वास बढ़ता है। रचानात्मक गतिविधियों से व्यक्तित्व का विकास होता है। निरंतर पठन और लेखन करना चाहिए। मंच का संचालन लीलम बघेल ने किया।

### बगौद में भामाशाह जयंती पर विधायक ने 56 लाख के सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

# भामाशाह का जीवन राष्ट्रभक्ति का प्रकाश स्तंभ : अजय

- युवाओं ने रक्तदान कर निभाई सामाजिक जिम्मेदारी, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ग्राम बगौद के मरादेव मंदिर प्रांगण में दानवीर भामाशाह जयंती श्रद्धा और सामाजिक एकता के वातावरण में मनाई गई। मुख्य अतिथि कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने 56 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन एवं किचन शेड का लोकार्पण किया। इस दौरान युवाओं ने रक्तदान किया। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील साहू संघ कुरुद के अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने की।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि दानवीर भामाशाह का त्याग और राष्ट्रभक्ति आज भी समाज के लिए प्रेरणा का पुंज है। उन्होंने नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि भामाशाह, माता कर्मा और तेलीनसत्ती दाई के जीवन मूल्यों को युवाओं तक पहुंचाना समय की मांग है। उन्होंने सुझाव







दिया कि सामाजिक इतिहास को जीवंत रखने के लिए महापुरुषों के जीवन पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित की जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान दौर में जमीन खरीदना कठिन होता जा रहा है, ऐसे में पूर्वजों की संपत्ति को सहेजना भी बड़ी उपलब्धि है। आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शिक्षा और कौशल उन्नयन को ही स्थायी पूंजी बताते हुए विधायक ने कहा कि जब युवा हुनरमंद होंगे, तभी समाज सशक्त बनेगा। उन्होंने सामुदायिक भवन के सुचारू संचालन हेतु एक ट्रस्ट बनाने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि यहां से जनहितकारी कार्यों की अविरल धारा प्रवाहित हो सके।

कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि पूर्व महामंत्री दयाराम साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी गौकरण साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद श्रीमती गीतेश्वरी हेमंत साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड बीरेंद्र साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लक्ष्मीकांता साहू तथा सरपंच बगौद श्रीमती दशोदा कमलेश साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में साहू समाजजन उपस्थित थे।

**नशाबंदी पर विधायक ने कही बड़ी बात**

विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि समाज बहुसंख्यक होने के बावजूद विचारों में बंटा हुआ है, जिसे दूर कर एकजुटता लाना जरूरी है। धर्मांतरण जैसे विषयों पर सजग रहने और अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। नशाबंदी पर उन्होंने कहा कि यह केवल सरकार का नहीं, बल्कि समाज के सामूहिक प्रयास से ही संभव है। समारोह में समाज के उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक लेखराम साहू, जिला साहू समाज अध्यक्ष गणेश साहू एवं अध्यक्ष बगौद परिक्षेत्र साहू समाज नरसिंह साहू ने भी संबोधित किया।

## जिला अस्पताल के नए भवन का जल्द होगा हैण्डओवर, लिफ्ट का काम बाकी

- 6.51 करोड़ से जी प्लस टू एकीकृत भवन का निर्माण, ट्रामा यूनिट और अन्य विभाग होंगे शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अस्पताल परिसर में बन रहे नए भवन की जल्द शुरु होने की उम्मीद की जा रही है। अंतिम चरण में लिफ्ट लगाने का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही अस्पताल को यह भवन हैण्डओवर कर दिया जायेगा।

जिला अस्पताल का बहुप्रतीक्षित नया भवन लगभग बनकर तैयार हो गया है। इस नए भवन के निर्माण के लिए अस्पताल के पुराना भवन के आगे हिस्से को डिस्मेंटल कर उसके स्थान पर 6.51 करोड़ की लागत से जी प्लस टू एकीकृत भवन का निर्माण कराया जा रहा है। जिसे अक्टूबर 2025 तक पूरा कर लिया जाना था, लेकिन फंड के अभाव में भवन को तय समय तक पूरा नहीं किया जा सका था जिसके चलते नये भवन में लिफ्ट का काम बचा हुआ था।

नये भवन में लिफ्ट लगाया जाना है। अंतिम चरण का कार्य चल रहा है। इस भवन के शुरु हो जाने से काफी सुविधाएं मिलेंगी।



12,761 वर्गफीट के ग्राउंड फ्लोर और लगभग 10-10 हजार वर्गफीट के दो मंजिला भवन में सबसे महत्वपूर्ण ट्रामा यूनिट होगा। इसके अलावा इस भवन में फिजियोथैरेपी, हमर लैब, टू नॉट लैब, आइसोलेशन वार्ड, डीटीसी इकाई व सीसीयू को शिफ्ट किया जाएगा। बीते दिनों जिला अस्पताल के सिविल सर्जन व सलाहकार ने नए भवन का निरीक्षण कर लिफ्ट लगाने के कार्य की प्रगति देखी। अस्पताल सलाहकार ने मीडिया को बताया कि नए भवन का कार्य पूरा हो चुका है। लिफ्ट लगना बाकी है। जल्द ही इसका हैंडओवर लिया जाएगा।

# 17 नई दुकानों के निर्माण से स्थानीय व्यापारियों को व्यवस्थित स्थान मिलेगा

- 77 लाख से बनेंगी दुकानें, हुआ भूमिपूजन, नगर विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



नगर पंचायत क्षेत्र में विकास को नई दिशा देते हुए 77 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित 17 नई दुकानों के निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन किया गया। यह महत्वपूर्ण पहल नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन के नेतृत्व में की गई, जिसे नगर के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

पूजा-अर्चना पश्चात अध्यक्ष ज्योति जैन, महिला पार्षदों, सीएमओ हरिकिशन पावरिया सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विष्णु साहू, गौतमी पटेल, भूपेश्वरी चंदेल, हितेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, मेघनाथ साहू, झमन साहू, चांदनी साहू, छबिलाल निर्मलकर, भानु गायकवाड़, भूपेंद्र यादव, परदेसी कंवर, सुरेंद्र बेज, मनीष साहू, इंजीनियर ज्योति साहू, देव कंवर, राजू सेन, पूरन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्रीमती जैन ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा यह पहल स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि नगर का समग्र विकास हो और हर नागरिक को बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिलें। यह 17 नई दुकानें न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाएंगी, बल्कि नगर की आर्थिक गतिविधियों को भी गति देंगी। यह कार्य विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन और नेतृत्व का परिणाम है। विधायक जी के सपनों का शहर बनाने की दिशा में हम निरंतर कार्य कर रहे हैं।

**विकास की ओर मजबूत कदम :** नगर पंचायत द्वारा किए जा रहे इस तरह के विकास कार्यों से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। 17 नई दुकानों का निर्माण पूर्ण होने के बाद स्थानीय व्यापारियों को व्यवस्थित स्थान मिलेगा, जिससे नगर की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी।

### बैंकिंग फ्रॉड से बचने, बचत योजनाओं की दी जानकारी



**नगरी।** छग पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी में भारतीय स्टेट बैंक शाखा नगरी के शाखा प्रबंधक के निर्देशन में पेंशनर्स मीट का आयोजन किया गया जिसमें एसबीआई और बैंक ऑफ बड़ौदा के पेंशनर्स शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बैंकिंग के संबंध में जानकारी दी गई। बैंकिंग फ्रॉड से बचने, बचत योजनाओं और जीवन प्रमाण पत्र की जानकारी भी दी गई। इसके पश्चात 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेंशनर्स तथा तहसील शाखा के पदाधिकारियों के साथ सभी पेंशनर्स को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। बैंक अधिकारियों द्वारा प्रतिवर्ष ऐसे आयोजन किए जाने की बात कही गई। अध्यक्ष आरएल देव ने आभार प्रकट किया।

# नगर निगम की वित्तीय स्थिति पर विपक्ष का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- मूलभूत सुविधाओं को लेकर उठे सवाल

शहर में मूलभूत सुविधाओं की कमी और नगर निगम की खराब वित्तीय स्थिति को लेकर कांग्रेसी पार्षदों ने निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। पार्षदों ने नगर निगम कंगाल है लिखी तख्तियां लेकर विरोध जताया और निगम प्रशासन पर जनहित के मुद्दों की अनदेखी का आरोप लगाया। इस दौरान पार्षदों ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए मूलभूत सुविधाओं में सुधार, भ्रष्टाचार पर रोक और कमीशनखोरी खत्म करने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान पार्षदों ने कहा कि नगर निगम में वर्तमान सत्ता को करीब डेढ़ वर्ष हो चुके हैं, लेकिन शहर के विकास के लिए कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पानी, सफाई, सड़क और स्ट्रीट लाइट जैसी आवश्यक सेवाएं भी सुचारू रूप से



उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। कई क्षेत्रों में महीनों से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं, जिनकी मरम्मत के लिए आवश्यक सामग्री तक उपलब्ध नहीं है।

पेयजल आपूर्ति भी लगातार बाधित हो रही है। पार्षदों ने बताया कि मोटर पंप सुधार के लिए केबल तक नहीं है, जिसके कारण कई जगहों पर पार्षदों को अपने निजी खर्च से सामग्री खरीदनी पड़ रही है। वहीं सफाई व्यवस्था भी चरमराई हुई है। कचरा उठाने वाले रिक्शा खराब पड़े हैं और झाड़ू जैसी बुनियादी सामग्री की भी कमी बनी हुई है।

विपक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि पार्षद निधि से होने वाले कार्यों के टेंडर लंबे समय से लंबित हैं, जिससे वार्डों में विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की घोषणाएं केवल कागजों तक सीमित हैं, जबकि जमीनी स्तर पर काम नजर नहीं आ रहा है।

प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उप नेता विशु देवांगन सहित पार्षद योगेश लाल, सुमन मेश्राम और राजेश पांडे मौजूद रहे। पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# कुरुद क्षेत्र के तीन गांवों में बनेंगे नए तालाब



**कुरूद।** मनरेगा योजना अंतर्गत जनपद पंचायत कुरुद क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतों सेमरा, जोरातराई और इर्रा में नए तालाब निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। मोर गांव-मोर पानी, मोर तरिया-आय के जरिया महाअभियान के तहत इन कार्यों के लिए कुल 52 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। गुरुवार को जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने कुदाल चलाकर भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में मनरेगा के माध्यम से इन तालाबों का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत को 17 लाख 99 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है।

तालाब निर्माण पूर्ण होने के बाद इन्हें महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपा जाएगा, ताकि वे मछली पालन, मखाना और ढेंस की खेती जैसे आयवर्धक गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। इसी उद्देश्य से इस पहल को मोर तरिया-आय के जरिया नाम दिया गया है। इस अवसर पर सरपंच छबिलेश सिन्हा, सूर्यकांत साहू, प्रीतिप्रकाश साहू, रामस्वरूप साहू, भावप्रकाश, यशवंत, संजय, गयाराम, कामता साहू, पुष्पलता देवांगन, राधा सिन्हा, रोहिणी साहू, सरोज, बसंती, अंजनी, ममता, कौशिल्या साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सैकड़ों लोगों को छाछ ठंडा पानी वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अक्ती पर्व के अवसर पर शहर के इतवारी बाजार स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर के बाहर योगेश फाउंडेशन द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए छाछ और शीतल जल का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य का सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। वहीं संध्या समय ब्राह्मण समाज धमतरी द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में विप्रजन, मातृ शक्ति और युवा वर्ग शामिल हुए। गर्मी को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए ठंडा पेय और पानी की व्यवस्था की गई। इसी अवसर पर ब्राह्मण महिला मंच के तत्वावधान में प्याऊ का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। योगेश फाउंडेशन की संचालिका अंकिता रत्नेश मिश्रा ने बताया कि यह सेवा कार्य जनहित और गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से किया गया है।

# भाठागांव में मना पंचायती राज दिवस, वरिष्ठजन हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम पंचायत भाठागांव में 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के वरिष्ठ नागरिकों पूर्व सरपंचगण, राज्यराष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ियों एवं स्व सहायता महिला समूह के सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। सदस्यों द्वारा आत्म निर्भर विकसित पंचायत पर विशेष रूप से चर्चा की गई। ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वरिष्ठ नागरिकों, पूर्व सरपंचों, वॉलीबॉल खिलाड़ियों व लखपति दीदी एवं स्वच्छग्राही का सम्मान किया गया। पूर्व पंचायत प्रतिनिधि गजेंद्र साहू, चंद्रहास बंजारे, वरिष्ठ नागरिक परमानंद चंद्राकर, भूषण साहू, थानू राम साहू, उत्कृष्ट खिलाड़ी आभाष कादर, दीपक साहू, चांद चंद्राकर, कुलदीप कंवर को उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर सरपंच पुष्पलता साहू, उपसरपंच प्रीतम सिंह साहू, आदर्श चंद्राकर, भूषणलाल साहू, परमानंद चंद्राकर समेत पंचगण एवं स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** महिला के साथ मारपीट करने वाले उसके भाई के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। वार्ड 08 ग्राम जगदीशपुर की सोफिया नंद ने पुलिस को बताया कि 16 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे उसके घर के सामने छोटे भाई अटल नंद ने नशे में घर से निकालने की नीयत से गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### कार में मिली अंग्रेजी शराब और बीयर, दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कार में शराब के अवैध परिवहन के मामले में बलौदा थाने में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम भुरसापाली रोड से एक सफेद रंग की कार में दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब लेकर जाने वाले हैं। जहां कुछ देर बाद एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार क्र सीजी 06 एचएफ 5420 में दो व्यक्ति आए। जिन्होंने अपने नाम भोलाराम पटेल पिता लक्ष्मण पटेल (32 वर्ष) मेडरा थाना बरमकेला जिला सारंगढ-बिलाईगढ़ और सुरेंद्र चौधरी पिता घनश्याम चौधरी (38 वर्ष) खैरमाल थाना सरायपाली होना। कार में रखे सामान के संबंध संदेहियों ने प्लास्टिक थैले में 20 नग मैक्डावल नं. 01 अंग्रेजी शराब एवं एक अन्य प्लास्टिक थैले में 10 नग सिंबा बीयर कुल कीमत 5900 रुपए रखना बताया। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### खरोरा में माता जानकी जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में माता जानकी जयंती मनाई गई। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि मास के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को सीता नवमी पड़ती है। इस दिन को माता सीता के प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को जानकी जयंती भी कहा जाता है। सीता नवमी के रूप से मनाया जाता है। इस दिन विधि-विधान से माता सीता की पूजा अर्चना करते हैं।

### हायर सेकंडरी स्कूल झलप और रायतुम के लिए दस-दस लाख स्वीकृत

**झलप।** संचालक लोक शिक्षण विभाग द्वारा शासकीय शालाओं में प्रार्थना शेड निर्माण, मरम्मत के लिए महासमुंद जिले में चार करोड़ तीन लाख आठ हजार रुपए की स्वीकृति कलेक्टर को प्राप्त हुई। जिसमें से शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल झलप और रायतुम के लिए दस-दस लाख रुपए से प्रार्थना शेड का निर्माण के लिए ग्राम पंचायत को एजेंसी नियुक्त किया गया है। इस स्वीकृति के लिए विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा ने कहा कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के अथक प्रयास से हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रार्थना शेड निर्माण की स्वीकृति मिली है, इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं विधायक राजू सिन्हा का शम्मी सलूजा, निर्भय नायक, कुलजीत सलूजा, देवा नायक, कमल कौशिक, राकेश साहू सरपंच झलप एवं रमन ठाकुर सरपंच रायतुम ने आभार जताया है।

# पेयजल समस्या : बूंद-बूंद पानी को तरस रहे सलोनी के कमार परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकरेल(धमतरी)

कुकरेल तहसील के ग्राम सलोनी में रहने वाले कमार परिवार इन दिनों गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। गांव से करीब दो किलोमीटर दूर बसे इस कमार डेरा में लगभग आठ घर और करीब 40 लोग रहते हैं, जिन्हें पीने के पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है।

स्थिति यह है कि परिवार के लोग साइकिल में प्लास्टिक की बाल्टी बांधकर दो किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। पीने के पानी के साथ-साथ निस्तारी और नहाने जैसी दैनिक जरूरतों के लिए भी पानी की भारी कमी बनी हुई है, जिससे उनका जीवन बेहद कठिन हो गया है।

स्थानीय कमार परिवार दया बाई कमार, निर्मला बाई, गोलू राम सोरी, भूपेंद्र सोरी, जितेश सोरी, रमेश पहारिया, राजिम बाई पहारिया, हरिश्चंद्र कमार और कुलेश्वरी बाई ने शासन-प्रशासन से जल्द पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। फिलहाल पूर्व सरपंच नरेश दीवान द्वारा वार्ड क्रमांक 17 सहित प्रभावित परिवारों को अस्थायी रूप से पानी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन स्थायी समाधान की जरूरत महसूस की जा रही है।



**साइकिल पर 2 किमी दूर से ला रहे पानी**

#### पिछले एक माह से जल संकट

पूर्व सरपंच एवं वर्तमान वार्ड पंच नरेश कुमार दीवान के अनुसार, पहले कमार डेरा के पास गौशाला के लिए किए गए बोरवेल से पानी मिल रहा था, लेकिन जलस्तर गिरने और नाले के सूख जाने के कारण यह स्रोत भी खत्म हो गया। पिछले एक माह से यह संकट लगातार बना हुआ है। इस मामले में पीएचई विभाग नगरी के एसडीओ एसके ठाकुर ने बताया कि कमार डेरा में नए बोरवेल के लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है और जल्द ही खनन कार्य शुरू कर पानी की व्यवस्था की जाएगी।

### धमतरी में सुखसागर वृद्धजन सदन का हुआ शिलान्यास

# असहाय, बेसहारा और जरूरतमंद बुजुर्गों को मिलेगा सुरक्षित आश्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





समाजसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण और मानवीय पहल के तहत धमतरी में सुखसागर वृद्धजन सदन का शिलान्यास किया गया। इस परियोजना की शुरुआत समाजसेवी रितुराज पवार द्वारा की गई है, जिसका उद्देश्य असहाय, बेसहारा और जरूरतमंद बुजुर्गों को सुरक्षित आश्रय, सम्मानजनक जीवन और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शुक्रवार को आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम आचार्य पं. श्रीहित आकाश महाराज वृन्दावन के सानिध्य में सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आचार्य पं. श्रीहित आकाश महाराज ने कहा कि सुखसागर वृद्धा सदन केवल एक भवन नहीं बल्कि सेवा और संवेदना का प्रतीक है। उन्होंने रितुराज पवार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य शब्दों से नहीं, बल्कि भावनाओं से समझा जा सकता है। उनके अनुसार, समाज में इस प्रकार की पहल मानवता को मजबूत करती है और जरूरतमंदों को नया जीवन देती है।

सुखसागर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के लिए रहने की उत्तम व्यवस्था के साथ-साथ पौष्टिक भोजन, नियमित स्वास्थ्य सेवाएं और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। यहां रहने वाले बुजुर्ग अपने जीवन के अंतिम पड़ाव को शांति, सुरक्षा और गरिमा के साथ व्यतीत कर सकेंगे। यह परियोजना समाज में मानवता, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभर रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित शहर के गणमान्य नागरिकों ने इस पहल को धमतरी के लिए ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह वृद्धजन सदन उन लोगों के लिए वरदान साबित होगा जिनका कोई सहारा नहीं है। साथ ही यह भी कहा गया कि बिना किसी बड़े प्रशासनिक सहयोग के इस प्रकार की पहल करना रितुराज फाउंडेशन की समाज के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

रितुराज फाउंडेशन के अध्यक्ष रितुराज पवार और वरिष्ठ माधवराव पवार ने बताया कि यह विचार उन बुजुर्गों की पीड़ा को देखकर आया, जिन्हें जीवन के अंतिम समय में अकेलापन और उपेक्षा झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य ऐसे लोगों को सम्मान और सहारा देना है जिनका कोई नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे नहीं चाहते कि कोई भी माता-पिता अपने बच्चों से अलग हों, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह पहल आवश्यक हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि वृद्धजन सदन में चिकित्सा, भोजन और अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। समाज के सहयोग से इसे एक आदर्श सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यह पहल आने वाले समय में समाज के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरेगी।

# कुरूद को बड़ी सौगात : 11.85 करोड़ की जल आवर्धन योजना स्वीकृत

- गंगरेल बांध की मुख्य नहर से होगी निरंतर जलापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



नगर पालिका परिषद कुरूद के लिए पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने 11 करोड़ 85 लाख रुपये की जल आवर्धन योजना को स्वीकृति मिल गई है। इस योजना के तहत गंगरेल बांध की मुख्य नहर से कुरूद नगर, केंद्रीय विद्यालय एवं कृषि महाविद्यालय तक नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। योजना अंतर्गत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता 2.5 एमएलडी से बढ़ाकर 7.5 एमएलडी की जाएगी। साथ ही नगर की सभी बड़ी पानी टंकियों की क्षमता बढ़ाकर उन्हें पाइपलाइन नेटवर्क से जोड़ा जाएगा तथा पेयजल केंद्रों का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।

यह योजना नगर पालिका परिषद की बैठक में प्रस्तावित की गई थी, जिसे विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। योजना स्वीकृत होने के बाद नगरवासियों में उत्साह का माहौल है।

नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना कुरूद नगर के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या का स्थायी समाधान होगा और नागरिकों को नियमित एवं स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, वित्त मंत्री एवं स्थानीय विधायक के प्रति कृतज्ञता जताते हुए कहा कि उनके सहयोग से यह महत्वाकांक्षी योजना साकार हो पाई है। नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भी इस सौगात के लिए जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# रिफर लेटर की अनिवार्यता से शिक्षक परेशान, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिले में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। बीते 13 वर्षों से सैकड़ों शिक्षक और अन्य कर्मचारी चिकित्सा प्रतिपूर्ति के मामलों में अनावश्यक रूप से परेशान हो रहे हैं। आरोप है कि विभाग द्वारा नियमों के विरुद्ध रिफर लेटर की अनिवार्यता लागू कर दी गई, जबकि शासन के स्पष्ट नियमों में इसका उल्लेख नहीं है।

जानकारी के अनुसार, शासकीय कर्मचारियों को मान्यता प्राप्त अस्पतालों में इलाज कराने के बाद चिकित्सा प्रतिपूर्ति का अधिकार होता है। लेकिन जिला शिक्षा विभाग द्वारा आवेदन के साथ रिफर लेटर की मांग की जाती रही, जिससे कई कर्मचारियों के भुगतान अटक गए। हाल ही में 24 मार्च 2026 को भी कई आवेदनों को इसी आधार पर रोक दिया गया, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ गई।

कर्मचारियों का कहना है कि इलाज के दौरान वे पहले ही मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान रहते हैं, ऐसे में इस तरह की जटिल प्रक्रिया उन्हें और कठिनाई में डालती है। साथ ही, कुछ मामलों में कमीशनखोरी के आरोप भी सामने आए हैं। इस मुद्दे को लेकर शिक्षक संगठन ने विभाग का ध्यान आकर्षित किया। संगठन का कहना है कि 3 अप्रैल 2013 के राजपत्र के अनुसार, मान्यता प्राप्त अस्पताल में इलाज कराने पर किसी भी प्रकार के रिफर लेटर की आवश्यकता नहीं होती। नियमों के बावजूद इसकी अनदेखी से कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। मामले में सुधार की मांग करते हुए विभाग से अपील की गई है कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति के आवेदनों का निपटारा मानवीय दृष्टिकोण से किया जाए और कर्मचारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। यह जानकारी डॉ भूषण लाल चंद्राकर जिलाध्यक्ष छग टीचर्स एसोसिएशन जिला धमतरी ने दी है।

# नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की सक्रियता से बदली मुक्तिधाम की तस्वीर



- जनभावनाओं को मिला सम्मान, जर्जर मुक्तिधाम बना सुविधायुक्त स्थल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 स्थित मुक्तिधाम, जो लंबे समय से जर्जर और उपेक्षित अवस्था में था, आज एक नए और सुसज्जित स्वरूप में नजर आ रहा है। यह परिवर्तन नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा की तत्परता और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है।

वार्ड के पार्षद हरीश साहू, यश करण पटेल एवं शंकर देव द्वारा मुक्तिधाम की दयनीय स्थिति से अवगत कराए जाने पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक कार्यों की स्वीकृति हेतु नगर पंचायत के सीएमओ यशवंत वर्मा इंजीनियर, परमेश कुमार ध्रुव को इसकी जानकारी देते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया। मुक्तिधाम परिसर में सीसी रोड का निर्माण कराया गया, जिससे अंतिम यात्रा में आने-जाने वाले लोगों को सुविधा मिल सके। वहीं टिन शेड, जो आंधी-तूफान और आगजनी के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके थे, उन्हें हटाकर नए टिन शेड का निर्माण किया गया। श्रद्धालुओं के बैठने हेतु बने चबूतरे की मरम्मत कर उसे रंग-रोगन कर आकर्षक और व्यवस्थित रूप दिया गया।

यह मुक्तिधाम वार्ड क्रमांक 13, 14 और 15 के निवासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहां वे अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि यह कार्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि जनभावनाओं और आस्था का सम्मान है।

# 43 चिन्हांकित बच्चों की हुई जांच, 37 गंभीर और 59 मध्यम कुपोषित पाए गए

- बेलरगांव में लगा स्वास्थ्य शिविर : कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र किया गया रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



ग्राम पंचायत भवन बेलरगांव में स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ियों और मोबाइल क्रेच लइका घर में दर्ज बच्चों, विशेषकर कुपोषित और एनीमिया से ग्रसित बच्चों की पहचान कर उनका त्वरित उपचार करना था।

शिविर में कुल 143 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी व शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जे.पी. दीवान द्वारा 43 चिन्हांकित बच्चों की जांच की गई परीक्षण के दौरान 37 गंभीर और 59 मध्यम कुपोषित बच्चे पाए गए, जिन्हें बेहतर उपचार हेतु पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) नगरी रेफर किया गया। कुल 69 बच्चों का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया, जिसमें 10 बच्चे एनीमिया से ग्रसित पाए गए। इसके अतिरिक्त 13 बच्चों का आर.बी.एस.टेस्ट किया गया, जो सामान्य रहा। आयुष विभाग के सहयोग से 136 बच्चों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु स्वर्ण प्राशन कराया गया। शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलरगांव के डॉ. जय किशन नाग, चिरायु टीम से डॉ. तरुण देवांगन, डॉ. मिथलेश, डॉ. रेणुका, डॉ. सोनम, आयुष विभाग से डॉ. रविन्द्र वर्मा, डॉ. चंद्राकर एवं मोबाइल क्रेच के सदस्यों सहित विभागीय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

#### बाहर के पैकेट बंद खाने से बचें

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जेपी दीवान ने पालकों को जागरूक करते हुए कहा कि कुपोषण का मुख्य कारण सही समय पर घर का पोषक आहार न मिलना है। उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चों को दिन में केवल 3 बार भोजन देने के बजाय 6 से 7 बार थोड़ा-थोड़ा खिलाएं। घर में ही पंजीरी, मूंगफली के लड्डू और अन्य स्वादिष्ट पकवान बनाकर बच्चों को प्रेरित करें ताकि वे बाहर के अनहेल्दी पैकेट बंद खाने को छोड़ सकें। बीएमओ नगरी डॉ. डीएन सोम ने बताया कि चिन्हांकित बच्चों का महिला बाल विकास विभाग और मोबाइल क्रेच के माध्यम से नियमित फॉलोअप सुनिश्चित किया जाएगा ताकि उनकी सेहत में निरंतर सुधार हो सके।

# 10वीं में 97 प्रतिशत अंक लाकर रुद्रांश ने किया कुरूद का नाम रोशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय कुरूद के छात्र रुद्रांश साहू ने कक्षा दसवीं की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। रुद्रांश, पार्षद मनीष साहू एवं कविता साहू के पुत्र हैं। रुद्रांश ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उनकी इस उपलब्धि पर साहू समाज की महिलाओं ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष जागृति टिकेश साहू ने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान यशोदा, झरना, रोहिणी, अंजू, रूपेश्वरी, गीता, अंबालिका, हेमलता एवं प्रभा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

### सिंधौरीकला में नवीन तालाब निर्माण का हुआ भूमिपूजन

**कुरूद।** विकासखंड के ग्राम पंचायत सिंधौरीकला में विकसित भारत रोजगार गारंटी योजना के तहत 17.99 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नवीन तालाब निर्माण कार्य का भूमिपूजन जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में सरपंच दुलार साहू, पूर्व सरपंच भीखम यादव सहित ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में तालाब में पानी की कमी के कारण जल काफी गंदा हो जाता था और बदबू फैलती थी। बारिश के कुछ समय बाद ही तालाब सूख जाता था, जिससे निस्तारी और मवेशियों के लिए पानी की समस्या उत्पन्न होती थी।

# युवती ने राजस्थान के युवक पर की कार्रवाई की मांग

- लूटने का आरोप लगा सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

युवती ने लूटने का आरोप लगाते हुए इंस्टाग्राम सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करने वाले राजस्थान के युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने सीएसपी से की गई लिखित शिकायत में बताया कि उसके घर के पास कोटा राजस्थान का युवक अपनी पत्नी व बच्चे के साथ किराये पर रहता था। बीते 11 माह पहले उससे पहचान हुई। युवक बहला फुसलाकर शादी का वादा कर 18 मई 2025 को उसे कोटा राजस्थान ले गया। शादी के लिए जबर्दस्ती करते हुए बदनाम करने की कोशिश की। दबाव में आकर 6 माह तक उसके साथ रही। उसके बाद उसे युवक बिलासपुर छत्तीसगढ़ ले आया। युवती ने बताया कि मौका देखकर वह वापस धमतरी अपने घर आ गई। उसके बाद युवक उसके पिता को फोन कर परेशान करने लगा। इस बीच दबाव में आकर दिसंबर में उसके पास फिर चली गई। वहां से उज्जैन घुमाने ले गया जहां शादी के लिए फिर दबाव बनाने लगा। मेरे परिवार को परेशान कर पिता से 20 हजार रुपए ले लिया, जिसमें उसकी पत्नी भी शामिल है। परेशान होकर फिर अपने पिता के पास धमतरी आ गई। युवक ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम में अपलोड कर दिया जिसके कारण उसे और परिवार को शर्मसार होना पड़ रहा है। अभी भी उसके परिचितों से उक्त युवक पैसों की मांग करता रहता है। पीड़िता ने सीएसपी से सोशल मीडिया से उक्त वीडियो को डिलिट करवाने व युवक पर कड़ी कार्रवाई करने का निवेदन किया है।

### युवा प्रकोष्ठ ने हेलमेट वितरित किए

**धमतरी।** दानवीर भामाशाह जयंती पर साहू समाज जिला युवा प्रकोष्ठ द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। शहर में भव्य बाइक रैली निकाली गई तथा नागरिकों को हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। रैली की शुरुआत एसपी कार्यालय परिसर से हुई, जो रुद्री रोड, अंबेडकर चौक, रत्नाबांधा चौक, घड़ी चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020